चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक– पनि0/II/768.
दिनांक– 27.10.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान/परिसर,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय :–विश्वविद्यालय की सत्र 2023–24 एन0ई0पी0 2020 के अन्तर्गत संचालित बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर दिसम्बर, 2023 परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की सत्र 2023–24 एन0ई0पी0 2020 के अन्तर्गत संचालित बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर दिसम्बर, 2023 की परीक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 से कराया जाना प्रस्तावित है।

मा0 कुलपति महोदया के निर्देशानुसार प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से अनुरोध है कि वे अपने महाविद्यालय/संस्थान में छात्र/छात्राओं की अतिरिक्त कक्षायें संचालित करते हुये निर्धारित अवधि से पूर्व विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रम को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षायें उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि से निर्विघ्न प्रारम्भ करायी जा सकें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि समस्त महाविद्यालयों/विभाग को दिनांक 10.12.2023 तक समस्त प्रयोगात्मक एवं आन्तरिक परीक्षायें पूर्ण कराकर अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक होगा। ऐसे महाविद्यालय/विभाग जो दिनांक 10.12.2023 तक अपने अंक अपलोड नहीं करेंगे, के छात्र/छात्राओं के प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे।

27-10-2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान/परिसर, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)/उप–कुलसचिव(गोपनीय)।
7. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को छात्रहित में समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक